

अकेलापन कई बार अपने आप से सार्थक बातें करता है। वैसी सार्थकता भीड़ में या भीड़ के चिंतन में नहीं मिलती।

- राजेंद्र अवस्थी


# अमृत विचार

## बरेली महानगर

www.amritvichar.com

बरेली, रविवार, 1 मार्च 2026


**बरेली के प्रमुख समाचार**


- सिपाही का फंदे पर लटका मिला शव-II
- चीनी मिलों पर 671 करोड़ बकाया, किसानों की फीकी रहेगी होली-III
- स्कूलों में छाया होली का रंग, जमकर उड़ा गुलाल-IV




**इफ्तार**
रविवार शाम
सुन्नी : 6:16
शिया : 6:25

**सहरी**
सोमवार सुबह
सुन्नी : 5:13
शिया : 5:05

## सिटी ब्रीफ

### अग्रवाल सेवा समिति का फाग महोत्सव आज

**बरेली, अमृत विचार :** अग्रवाल सेवा समिति की ओर से रविवार को रामपुर गार्डन स्थित महाराजा अग्रसेन पार्क में फाग महोत्सव मनाया गया। महामंत्री राजीव बूबना ने बताया कि फाग महोत्सव में दिल्ली से कलाकार ग्रुप के विक्की सुनेजा टीम के साथ प्रस्तुति देंगे। वन मंत्री डॉ अरुण कुमार, सांसद छत्रपाल गंगवार, कैंट विधायक संजीव अग्रवाल, ममता अग्रवाल की उपस्थित रहेगी। शनिवार को कार्यक्रम की तैयारी को अंतिम रूप दिया गया। कार्यक्रम संयोजक अतुल अग्रवाल, मयूरेश अग्रवाल, विकास बंसल, राजीव अग्रवाल, विकास अग्रवाल बनाए गए हैं।

### होलिका दहन स्थल का निरीक्षण किया

**बरेली/क्योलडिया, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव अल्लापुर के ग्रामीणों के विरोध के बाद राजस्व विभाग ने पहले जहां होली रखी जाती थी वहां से हटाकर नई जगह पर होली रखवा दी थी जिस पर ग्रामीण सहमत हो गए।

## शहर में आज

- रोटरी क्लब की ओर से होली महोत्सव बरेली क्लब में रात 8 बजे।
- अखिल भारतीय उत्तराखंड महासभा की ओर से बसंत उत्सव भोलेनाथ मंदिर कुर्मांचल नगर में दोपहर 12 बजे।
- अग्रवाल सेवा समिति की ओर से फाग महोत्सव महाराजा अग्रसेन पार्क रामपुर गार्डन में शाम 6 बजे।
- सरस्वती शिशु मंदिर नैनीताल रोड में वार्षिकोत्सव दोपहर 2 बजे।
- बड़ी बमनपुरी में रामलीला का मंचन रात 8 बजे।
- इंडियन डेंटल एसोसिएशन का होली महोत्सव बगीचा लोन नटराज सिनेमा के सामने दोपहर 12 बजे।
- मानव सेवा क्लब की ओर से होली उत्सव रोटरी भवन में शाम 6 बजे।

## होली महोत्सव में उड़ा गुलाल



एसएसवी इंटर कॉलेज एवं एसएसवी पब्लिक स्कूल में शनिवार को होली महोत्सव मनाया गया। विद्यालय के जूनियर और सीनियर छात्र-छात्राओं ने जमकर रंग-गुलाल खेला। एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय परिसर में रंगों की खुशबू, संगीत और उल्लास का माहौल देखने को मिला। बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दीं। विद्यालय अध्यक्ष अंजलि शर्मा, प्रबंधक साकेत सुधांशु शर्मा ने कहा कि होली प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का त्योहार है। सभी बच्चों को मिठाई वितरित की गई। सुरक्षित व पर्यावरण-अनुकूल होली मनाने का संदेश दिया गया। ● अमृत विचार

# बरेली से गुजरेंगी तीन जोड़ी और होली विशेष ट्रेनें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- रेल प्रशासन ने होली स्पेशल ट्रेनों की सूची और समय सारणी की जारी

**अमृत विचार :** होली के मद्देनजर रेलवे प्रशासन ने शनिवार को तीन और होली स्पेशल ट्रेनों की घोषणा की गई है। होली स्पेशल ट्रेन बरेली होकर गुजरेंगी जिससे यात्रियों को राहत मिलेगी।

रेलवे प्रशासन के अनुसार गाड़ी नंबर 05101 _05102 गोरखपुर-नई दिल्ली-गोरखपुर होली विशेष गाड़ी का संचालन गोरखपुर से 5 मार्च से 14 मार्च तक प्रत्येक मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को नई दिल्ली से 6 से लेकर 15 मार्च तक प्रत्येक बुधवार, शुक्रवार और रविवार को किया जाएगा। 05071/05072 छपरा-आनन्द विहार टर्मिनल-छपरा वाया गोरखपुर होली विशेष गाड़ी का संचलन छपरा से 02 से 16 मार्च तक प्रत्येक सोमवार को और आनन्द विहार टर्मिनल से 03 से 17 मार्च, तक प्रत्येक मंगलवार को 03 फेरों के लिये किया जायेगा। गाड़ी नंबर 05089/05090 छपरा-आनन्द विहार टर्मिनल-छपरा वाया गोरखपुर होली विशेष गाड़ी का संचलन छपरा से 05 से 14 मार्च तक प्रत्येक बृहस्पतिवार एवं शनिवार को और आनन्द विहार टर्मिनल से 6 से 15 मार्च तक प्रत्येक शुक्रवार एवं रविवार को 4 फेरों के लिए किया जायेगा।

# होली का अवकाश शुरू होते ही बसों और ट्रेनों में उमड़ी भीड़

## जंक्शन से होकर गुजरने वाली ट्रेनों में नहीं मिल रहीं सीटें, रोडवेज ने संभाली कमान, दिल्ली और लखनऊ मार्ग पर चलेंगी अतिरिक्त बसें

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** होली की छुट्टियां रविवार से शुरू हो गई हैं। सरकारी कार्यालय में शनिवार को आखिरी कार्यदिवस होने के कारण लोगों ने त्योहार मनाने के लिए दोपहर बाद से अपने घरों पर आना-जाना शुरू कर दिया है, जिसको लेकर बसों और ट्रेनों में यात्रियों का दबाव बढ़ गया है। जंक्शन से होकर गुजरने वाली ट्रेनों में शनिवार को काफी भीड़ रही। यात्रियों को सीट पाने के लिए मारामारी करनी पड़ी। दिव्यांग और महिला कोच में भी पुरुष यात्री सफर करते हुए दिखाई दिए। उधर, यात्रियों की भीड़ को देखते हुए परिवहन निगम ने दिल्ली और लखनऊ मार्ग पर 150 बसों के अतिरिक्त फेरे बढ़ाने का निर्णय लिया है। अफसरों के अनुसार त्योहार के दौरान इन रूटों पर सामान्य दिनों की तुलना में दोगुना यात्री भार बढ़ जाता है।

होली पर नियमित ट्रेनों में जगह नहीं मिल रही है, जबकि स्पेशल ट्रेनों में जगह खाली चल रही है। बरेली जंक्शन पर प्रतिदिन डेढ़ सौ से अधिक ट्रेनों का ठहराव होता है, जिसमें ज्यादातर ट्रेन दिल्ली, अमृतसर, चंडीगढ़, गोरखपुर, अयोध्या, बिहार के छपरा सिवान की तरफ आती जाती हैं। श्रमजीवी एक्सप्रेस और काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनों में शनिवार को जबरदस्त भीड़ रही। कंट्रोल रूम में भी महिला और दिव्यांग कोच में पुरुष यात्रियों के बैठने के शिकायतें पहुंचती रहीं, यात्रियों को भीड़ को देखते हुए जीआरपी और आरपीएफ की टीम में भी अलर्ट हो गई है।



सेटेलाइट बस स्टैंड पर यात्रियों को ले जाने को तैयार बसों का बेड़ा। ● अमृत विचार



रेलवे स्टेशन पर ट्रेन में चढ़ने के लिए जद्दोजहद करते यात्री। ● अमृत विचार

### कोहरे में निरस्त की गईं 20 ट्रेनों का संचालन बहाल

पिछले साल दिसंबर माह में बरेली जंक्शन से होकर गुजरने वाली करीब 40 ट्रेनें निरस्त कर दी गई थीं, लेकिन अब होली पर यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने 20 ट्रेनों का संचालन बहाल कर दिया है। बहाल होने वाली ट्रेनों में काठगोदाम-जम्मूतवी, कानपुर-काठगोदाम, मालदा टाउन-नई दिल्ली, ऋषिकेश-जम्मू तवी और हावड़ा-देहरादून समेत अन्य ट्रेनें शामिल हैं। ट्रेनों का संचालन बहाल होने के बाद यात्रियों को राहत मिलेगी।

### छुट्टियां रद्द, अच्छे काम पर मिलेगी प्रोत्साहन राशि

आरएम दीपक चौधरी के अनुसार नौ मार्च तक चालक और परिचालकों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। इस समय अवधि में चालक और परिचालक निर्धारित लक्ष्य से अधिक फेरे लगाएंगे और अतिरिक्त ड्यूटी करेंगे। उन्हें प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। प्रोत्साहन अवधि में 300 किलोमीटर प्रतिदिन संचालन 10 दिनों तक होता है तो 450 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से 4500 रुपये एकमुश्त धनराशि मिलेगी। न्यूनतम नौ दिनों तक ड्यूटी करने वालों को प्रतिदिन 400 रुपये के हिसाब से प्रोत्साहन धनराशि मिलेगी। जबकि संविदा चालक-परिचालकों को अतिरिक्त किमी पर 55 पैसे प्रति किमी की दर से भुगतान किया जाएगा।

### जहां यात्री हाथ दें, वहीं रोकी जाए बस

बरेली और रुहेलखंड डिपो के सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ने चालकों-परिचालकों के साथ ही डिपो के सभी स्टाफ को पत्र जारी कर दिया है। चालकों को रूटों पर जहां भी यात्री हाथ दें, वहीं बस रोकने के निर्देश दिए गए हैं। कहा कि कहीं से शिकायतें नहीं आनी चाहिए। डिपो पर आने वाले यात्रियों को भी सभी सुविधाएं मुहैया कराई जाएं। किसी को दिक्कत का सामना न करना पड़े।

- दिल्ली-लखनऊ रूट पर 150 बसों के अतिरिक्त फेरे बढ़ाए जाने का लिया निर्णय
- यात्रियों की भीड़ के मद्देनजर सेटेलाइट और पुराना बस स्टैंड से होगी मॉनिटरिंग

**अमृतसर क्लोन एक्सप्रेस के फेरों को 27 मार्च तक बढ़ाया :** अमृतसर न्यू जलपाईगुड़ी के बीच विशेष रूप से चल रही गाड़ी नंबर 04653 -54 अमृतसर क्लोन एक्सप्रेस के फेरों को रेलवे ने 27 मार्च तक बढ़ा दिया है। गाड़ी का बरेली जंक्शन पर ठहराव नहीं दिया जाता था, लेकिन अब रेलवे ने गाड़ी को नियमित का दर्जा दे दिया है। नियमित गाड़ी अमृतसर न्यू जलपाईगुड़ी अमृत भारत एक्सप्रेस का संचालन अब 14664-14663 नंबर से किया जाएगा। आरएम दीपक चौधरी का कहना है कि सीमित चालक और परिचालकों के बीच सेवाएं सुचारू बनाए रखना निगम के लिए चुनौती बना हुआ है। मुख्यालय के निर्देश पर शनिवार से विशेष प्रोत्साहन योजना लागू कर दी गई है, जो नौ मार्च तक प्रभावी रहेगी। योजना के तहत अतिरिक्त ड्यूटी करने वाले चालक-परिचालकों को अतिरिक्त मानदेय, भत्ता और प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। बरेली परिक्षेत्र में शामिल बरेली, रुहेलखंड, पीलीभीत और बदायूं डिपो के एआरएम को कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। त्योहार के समय यात्रियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सेटेलाइट और पुराना बस स्टैंड से बसों के समयबद्ध संचालन और नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है। दोनों बस अड्डों पर पूछताछ काउंटर, टिकट व्यवस्था और सुरक्षा प्रबंध भी मजबूत किए गए हैं। यात्रियों की भीड़ के बीच किसी अन्य मार्ग पर भी आवश्यकता पड़ने पर बसों की संख्या और बढ़ाई जा सकती है।

> शनिवार से होली को लेकर बसों का संचालन शुरू करा दिया गया है। अच्छा काम करने वाले कर्मचारियों को प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। यात्रियों को बेहतर सुविधा मुहैया कराई जाएगी। दिल्ली रूट पर सबसे ज्यादा बसें लगाई गई हैं। अन्य रूटों पर बसों के फेरे बढ़ाए गए हैं।
>
> दीपक चौधरी, आरएम, बरेली परिक्षेत्र

यात्रियों से अपील की गई है कि वे अग्रिम टिकट बुकिंग कराएं और यात्रा के दौरान सुरक्षा नियमों का पालन करें।

# कागजों में अरबों का कारोबार 9.94 करोड़ टैक्स चोरी पकड़ी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- जीएसटी विभाग के अधिकारियों ने तीन प्रोपराइटरों के खिलाफ दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार :** शहर में तीन फर्मों के प्रोपराइटरों नें कागजों पर अरबों का कारोबार किया। हकीकत में तीनों के पास कार्यालय तक नहीं था। फर्म के प्रोपराइटर सिर्फ कागजों में करोड़ों रुपये का कारोबार करते हुए सर्कुलर ट्रेडिंग के जरिये बोगस इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) पास-ऑन कर सरकार को 9.94 करोड़ रुपये का चूना लगाया। तीनों फर्मों के प्रोपराइटरों के खिलाफ इज्जत नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

सहायक आयुक्त नित्यानंद मणि तिवारी ने दर्ज कराई गई रिपोर्ट में बताया कि मैसर्स गोयल इंटरप्राइजेज के प्रो. परमजीत सिंह की फर्म ने 1.30 करोड़ रुपये की इनवर्ड सप्लाई पर 19.97 लाख आईजीएसटी की आईटीसी क्लेम की, जबकि 14.76 करोड़ रुपये की बोगस आईजीएसटी आईटीसी अन्य फर्मों को पास-ऑन कर दी। इस मामले में 2.85 करोड़ रुपये के कर अपवंचन का आरोप है।

उधर उपायुक्त खंड आठ बरेली धर्मेंद्र सिंह सचान ने मैसर्स जागेश्वर ट्रेडर्स के प्रो. अमन के खिलाफ इज्जत नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिन्होंने वर्ष 2023-24 में 19.12 करोड़ रुपये की इनवर्ड सप्लाई दिखाई और 1.31 करोड़ रुपये की आईटीसी क्लेम किया। इसके बाद 17.89 करोड़ की आउटवर्ड सप्लाई दिखाते हुए 68.58 लाख सीजीएसटी और 62.58 लाख एसजीएसटी की बोगस आईटीसी आगे पास-ऑन कर दी। फर्म पर 3.6 करोड़ रुपये के कर अपवंचन का आरोप है।

सचान ने दूसरा मुकदमा भी इज्जतनगर थाने में दर्ज कराया है। आरोप है कि मैसर्स आकाश ट्रेडर्स के प्रो. सोनू श्रीवास्तव ने 21.72 करोड़ की इनवर्ड सप्लाई दिखाकर भारी आईटीसी क्लेम की। फिर 23.38 करोड़ की आउटवर्ड सप्लाई के नाम पर 90.29 लाख सीजीएसटी और 90.29 लाख एसजीएसटी की बोगस आईटीसी पास-ऑन कर दी। जांच टीम जब दिए गए पते पर पहुंची तो वहां कोई व्यापारिक गतिविधि नहीं मिली। फर्म का पंजीयन 7 अक्टूबर 2023 से सुओ-मोटो निरस्त है। इस मामले में 4.63 करोड़ रुपये कर चोरी के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

### जांच में माल आपूर्ति का नहीं मिला सबूत

जीएसटी अपर आयुक्त ग्रेड वन आशीष रंजन ने बताया कि विभाग की जांच में सामने आया कि दिल्ली और अन्य राज्यों की फर्मों के साथ मिलकर सिर्फ जीएसटीआर-एक और ई-वे बिल के जरिये कागजी लेन-देन दिखाया गया। लेकिन, माल की कोई आपूर्ति नहीं हुई।

# होली : शहर में पेयजल, प्रकाश और सफाई व्यवस्था रहेगी चाक चौबंद

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- नगर निगम का दावा : 24 घंटे अलर्ट मोड में रहेंगी टीमें, तैयारियों को अंतिम रूप दिया
- नगर आयुक्त बोले- होलिका दहन स्थलों के आसपास रहेगी विशेष निगरानी

**अमृत विचार :** होली के चलते नगर निगम ने भी तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। शनिवार को नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने विस्तृत कार्ययोजना तय होने के बाद अधिकारियों को निर्देश दिए कि त्योहार के दौरान पेयजल, सफाई और प्रकाश व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही न हो। खासकर उन मोहल्लों को प्राथमिकता देने को कहा है, जहां हर साल जलापूर्ति की शिकायतें मिलती हैं। अभियंताओं को निर्देश दिए कि लीकेज पाइपलाइन, क्षतिग्रस्त वाल्व और खराब मोटरों की मरम्मत होली से पहले हर हाल में पूरी कर ली जाए। संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पानी के टैंकर भी तैनात करें। जलकल टीम को 24 घंटे अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए।

नगर आयुक्त ने बताया कि शहर के प्रमुख मार्गों से लेकर वार्डों में प्रकाश व्यवस्था को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। प्रत्येक वार्ड में खराब स्ट्रीट लाइटों को तत्काल बदलने और अंधेरे स्थानों को चिन्हित कर वहां नई एलईडी लाइटें लगाने के आदेश दिए गए हैं। मुख्य सड़कों, बाजारों और होलिका दहन स्थलों के आसपास रोशनी की विशेष व्यवस्था की जा रही है, जिससे रात के समय लोगों को आवागमन में दिक्कत न हो। विद्युत अनुभाग की टीमों को फॉल्ट सुधारने के लिए मोबाइल यूनिट के रूप में तैनात किया जाएगा। इसके अतिरिक्त त्योहार के दौरान बिजली के अस्थायी कनेक्शन लेने वालों को सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश जारी किए गए हैं। कहा कि सभी अधिकारी नियमित निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद रखें।



शहर में सफाई व्यवस्था का जायजा लेते नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य।

### होलिका के आसपास चलेगा विशेष सफाई अभियान

सफाई व्यवस्था को लेकर निगम ने व्यापक रणनीति बनाई है। नगर आयुक्त के अनुसार होलिका दहन स्थलों के आसपास विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। ज्वलनशील सामग्री हटाने के लिए अलग से टीमें गठित की गई हैं। होली के अगले दिन शहरभर में अतिरिक्त सफाई कर्मियों की तैनाती कर रंग, कचरा और प्लास्टिक अपशिष्ट की त्वरित सफाई कराई जाएगी। नालियों की सफाई, कूड़ा उठान और डोर-टू-डोर कलेक्शन की निगरानी के लिए वार्ड वार अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा कंट्रोल रूम भी स्थापित किया गया है।

### रामबरात रूट पर खड़े रहेंगे पानी के टैंकर

शहर में जिन मार्गों से रामबरात गुजरेगी, वहां पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जगह-जगह पानी के टैंकर खड़े किए जाएंगे, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। नगर आयुक्त ने बताया कि पूरे रूट पर विशेष सफाई अभियान चलाकर सड़कों और नालियों की सफाई कराई गई है। कूड़ा उठान की अतिरिक्त व्यवस्था की गई है। प्रमुख चौराहों पर सफाई कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है।

**सख्ती** | सजावट और खानपान में सिंगल यूज प्लास्टिक का नहीं होगा इस्तेमाल

# शहर में अब शादियां में रखा जाएगा पर्यावरण का ख्याल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- नगर निगम ने बरातघर संचालकों को दिए निर्देश, उल्लंघन पर लगेगा जुर्माना

**अमृत विचार :** शहर में आयोजित होने वाले सभी शादी-समारोहों के लिए पर्यावरण-अनुकूल नियम लागू कर दिया गया है। अब किसी भी बरातघर या विवाह स्थल पर सिंगल यूज प्लास्टिक और थर्माकोल आधारित सामग्री का उपयोग पूरी तरह प्रतिबंधित होगा। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि नियमों का उल्लंघन करने पर बरातघर संचालक पर जुर्माना लगाया जाएगा। भविष्य में किसी समारोह की अनुमति पर भी असर पड़ेगा। यह कदम स्वच्छ सर्वेक्षण और स्वच्छ भारत मिशन को लेकर उठाया है, ताकि बढ़ते कचरे पर लगाम लगाई जा सके।

स्वच्छ भारत मिशन (एसबीएम) के प्रभारी राजीव कुमार राठी ने बताया कि एक शादी समारोह से लगभग दो क्विंटल तक कचरा निकलता है, जो शहर की सफाई व्यवस्था के लिए चुनौतीपूर्ण बन जाता है। इस दबाव को कम करने के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक को पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया गया है। प्लास्टिक के कप, प्लेट, चम्मच, बोतलें और थर्माकोल आधारित सामग्रियों का उपयोग नहीं किया जा सकेगा।



नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य ने कहा कि यह केवल नियम-कानून लागू करने का मामला नहीं है, बल्कि शहरवासियों और आयोजकों को पर्यावरण संरक्षण और जिम्मेदार नागरिकता के प्रति जागरूक करने का प्रयास है। बताया कि नगर निगम यह सुनिश्चित करेगा कि सभी विवाह स्थल गीले और सूखे कचरे के पृथक्करण का पालन करें। प्रारंभिक स्तर पर कचरे को अलग-अलग श्रेणियों में रखना संचालकों की जिम्मेदारी होगी, जबकि इसके वैज्ञानिक निस्तारण की जिम्मेदारी नगर निगम उठाएगा। आयोजकों और संचालकों से अपील की है कि वे पर्यावरण के अनुकूल विकल्पों का चयन करें और शादी समारोह को हरित और स्वच्छ बनाने में मदद करें। इसके लिए निगम की टीमें भी लगातार निगरानी रखेंगी और किसी भी अनियमितता पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। दावा है कि इस पहल से कचरा प्रबंधन में सुधार होगा।

# प्रॉपर्टी डीलर सहित तीन जिला बदर किए गए

**बरेली, अमृत विचार :** सरेआम फायरिंग करने के आरोप प्रॉपर्टी डीलर सुमित सक्सेना को डीएम अविनाश सिंह ने चार माह के लिए जिला बदर कर दिया। डीएम कोर्ट ने इज्जतनगर पुलिस को 24 घंटे के अंदर आरोपी को जिले की सीमा से बाहर भेजने के आदेश दिए हैं। इज्जत नगर पुलिस ने आख्या में कहा कि वीर सावरकर नगर निवासी आरोपी सुमित सक्सेना जमीनों के कागजों में हेराफेरी करके फर्जी दस्तावेज तैयार कर संपत्ति हथियाने का काम करता है।

## सिटी ब्रीफ

### प्रेमनगर में नष्ट कराई 2220 लीटर शराब

**बरेली, अमृत विचार** : प्रेम नगर पुलिस ने ऑपरेशन क्लीन के तहत शनिवार को 2220 लीटर शराब नष्ट की। क्षेत्राधिकार प्रथम आशुतोष शिवम ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाए जा रहे मामलों के निस्तारण के संबंध में ऑपरेशन क्लीन के तहत कार्रवाई करते हुए प्रेम नगर पुलिस ने शनिवार को 38 मुकदमों में बरामद 2220 लीटर अवैध शराब अंग्रेजी देसी न्यायालय के आदेश पर थाना परिसर में नष्ट की। इस मौके पर प्रेम नगर प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र सिंह समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### बच्चों के विवाद में मारपीट, रिपोर्ट

**बरेली, अमृत विचार** : बारादरी थाना क्षेत्र निवासी सिमरन ने बताया कि 26 फरवरी की सुबह 11 बजे उनका 8 साल का बेटा घर के बाहर टहल रहा था। पड़ोस में रहने वाली फरजाना के बच्चे भी खेल रहे थे। आरोप है कि खेलते खेलते फरजाना के बच्चों ने उसके बेटों के साथ मारपीट कर दी। जब वह शिकायत लेकर पहुंची तो उसके परिवार के अन्य लोगों ने उसके साथ अभद्र व्यवहार कर गाली गलौज की। उसके पति घर आ गए तो सभी आरोपी एक राय होकर घर में घुस आए। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देकर गाली गलौज की। पुलिस ने फरजाना, आसिफ, आमिर, मरजीना, इस्लाम, लल्ला व अन्य अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### घर में घुसकर की मारपीट, रिपोर्ट दर्ज

**फतेहगंज पूर्वी/बरेली, अमृत विचार** : घरेलू रंजिश के चलते महिला के साथ मारपीट की गई। पुलिस ने मामले में जेठ समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव टिसुआ निवासी अनीता पत्नी राजेश ने आरोप लगाया है कि उसका जेठ संजीव आए दिन गालियां देता है। बीती रात संजीव अपने पुत्र गौरव और बहू प्रीति के साथ लाठी-डंडे लेकर घर में घुस आए और पिटाई की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# तौकीर के बहनोई ने हिस्ट्रीशीटर से बताया जान का खतरा




प्रेसवार्ता में जानकारी देते मोहसिन खां व अन्य। ● अमृत विचार

**बरेली, अमृत विचार** : बरेली बवाल के मामले में जेल में बंद मौलाना तौकीर रजा खां के बहनोई और आला हजरत खानदान के सबसे बुजुर्ग मन्नानी मियां के दामाद मोहसिन खां ने इज्जतनगर थाने के हिस्ट्रीशीटर नासिर सिद्दीकी से जान का खतरा बताया है।

नवल्टी प्लाजा स्थित क्लब में शनिवार को पत्रकारों से बात करते हुए आरोप लगाया कि हिस्ट्रीशीटर नासिर सिद्दीकी उन्हें लगातार निशाना बना रहा है। नासिर सिद्दीकी न केवल उनसे 20 लाख रुपये की रंगदारी मांग रहा है, बल्कि मना करने पर उनके खिलाफ एक के बाद एक झूठे मुकदमे और फर्जी शिकायतें दर्ज करवा रहा है। उन्होंने कहा कि नासिर सिद्दीकी ने शासन और प्रशासन को गुमराह करने की हर मुमकिन कोशिश की है। नासिर ने हाल ही में मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर उन्हें 'भू-माफिया' करार दिया था। मोहसिन खां ने बताया कि नासिर सिद्दीकी ने अब तक उन पर 10 मुकदमे दर्ज कराए हैं, लेकिन पुलिस की जांच के बाद अधिकतर मामलों में फाइनल रिपोर्ट लग चुकी है। पुलिस और प्रशासन से फर्जी शिकायतें करने वालों पर कार्रवाई की मांग की है।

# खोदाई से अव्यवस्था, जाम में विद्यार्थी भी हुए परेशान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार**: स्टेडियम रोड पर निकलना दुश्वार हो गया है। पिछले दो माह से सड़क पर कभी इधर कभी उधर खोदाई और एक तरफ का रोड बंद करने की अव्यवस्था से डॉक्टर, व्यापारी, आवासीय कालोनियों में रहने वालों के साथ हजारों राहगीर परेशान हैं। स्टेडियम रोड पर सेंट फ्रांसिस स्कूल वाली गली के सामने शनिवार दोपहर करीब 2 बजे खोदाई कर ट्रैफिक वन-वे कर दिया। यहां पर चारों ओर से ट्रैफिक आता है इसलिए जाम की स्थिति बन गयी। स्कूलों की बसें, वैन सहित एंबुलेंस निकलने में भी दिक्कत हुई। दरोगा सहित कई पुलिस कर्मियों को जाम की स्थिति को सामान्य कराने के लिए मशक्कत करनी पड़ी।

सीएम ग्रिड का काम करने वाली कार्यदायी संस्था के कर्मचारी मनमानी तरह से कहीं भी खोदाई शुरू कर देते हैं। इसी कारण इस रोड पर जाम की स्थिति बन रही है।



स्टेडियम रोड पर सेंट फ्रांसिस स्कूल के सामने खोदाई के दौरान लगे जाम में फंसे लोग।



ट्रैफिक बढ़ने पर नॉवल्टी चौराह पर जाम के हालात बने रहे। ● अमृत विचार

- स्टेडियम रोड पर सेंट फ्रांसिस स्कूल वाली गली के पास खोदी गई सड़क
- दोनों तरफ का ट्रैफिक एक ही साइड से दौड़ने से लोग हो रहे हलकान
- बाजार में भीड़ के उमड़ने पर नॉवल्टी चौराहा और कुतुबखाना पुल पर लगा जाम

डेलापीर चौराहे से लेकर स्टेडियम तक दोनों तरफ रोड खोदी गयी। निर्माण कार्य हुए। नाला बनने के साथ सड़क भी डाली गई लेकिन कुछ हिस्से में सड़क अभी नहीं पड़ी है। कार्यदायी संस्था धीरे-धीरे कार्य करा रही है। बार-बार सड़क एक तरफ से बंद करने, खोदाई करने की वजह से इस रोड पर संचालित निजी अस्पतालों में पहुंचने वाले मरीजों और उनके तीमारदारों को भी दिक्कतें झेलनी पड़ रही है। कई छोटे बच्चों के स्कूल भी हैं। तेज हवा चलने पर सड़क पर धूल का गुबार उड़ता है। शनिवार को जाम की स्थिति बनने से लोग काफी परेशान रहे।

वहीं, होली त्योहार के मद्देनजर बाजार में खरीदारी करने वालों की भीड़ बढ़ गयी। इस वजह से व्यस्त रहने वाले चौराहों पर जाम के हालात बने रहे। रोडवेज बसों के निकलने के साथ कार, स्कूली वैन सहित ई-रिक्शाओं ने नावल्टी चौराहे पर जाम लगा दिया। काफी देर तक लोगों को जाम झेलना पड़ा। ट्रैफिक पुलिस कर्मियों ने किसी तरह वाहनों को पास कराया। यहां पर स्थिति दुरुस्त होने पर कुतुबखाना पुल के पास भी जाम की स्थिति बन गयी। कोहाड़ापीर से आने वाले वाहन, अंबेडकर पार्क से आने वाले और नावल्टी चौराहे से जाने वाले वाहनों की वजह से दिक्कत रही। यहां जगह कम होने से अक्सर जाम के हालात बनते हैं।

# सिपाही का फंदे पर लटका मिला शव

## पत्नी से कहा-सुनी के बाद उठाया आत्मघाती कदम, पोस्टमार्टम में आई हैंगिंग, सदमे में परिजन

कार्यालय संवाददाता, सीबीगंज/ बरेली

**अमृत विचार** : सीबीगंज में सिपाही का शव फंदे पर लटका मिला। बताया जा रहा है कि पत्नी से कहा-सुनी के बाद सिपाही ने आत्मघाती कदम उठाते हुए फंदे पर लटक कर जान दे दी। सिपाही की तैनाती अमरोहा में थी, लेकिन एक सप्ताह पहले ही मुरादाबाद ट्रांसफर हुआ था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह हैंगिंग आई है।

सीबीगंज के मोहल्ला लेबर कॉलोनी निवासी 37 साल के मनोज मौर्य सिपाही थे। उनकी तैनाती अमरोहा में थी। एक सप्ताह पूर्व मुरादाबाद के लिए ट्रांसफर हुआ था, लेकिन आमद दर्ज नहीं कराई थी।



मनोज मौर्य।

- सिपाही की अमरोहा में थी तैनाती, एक सप्ताह पहले मुरादाबाद हुआ था ट्रांसफर

> सिपाही के फांसी लगाने की सूचना पर मौके पर गए थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग आया है। परिवार के लोगों ने भी किसी तरह का कोई आरोप नहीं लगाया है। - **प्रदीप कुमार चतुर्वेदी**, इंस्पेक्टर सीबीगंज

बताया जा रहा है कि शुक्रवार की शाम किसी बात को लेकर पत्नी ज्योति उर्फ मीनू से कहा-सुनी हो गई। इसके बाद सिपाही मनोज ने गले में रस्सी का फंदा डालकर छत के कुंडे में लटक कर कर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर जांच पड़ताल की। शनिवार को हुए पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह हैंगिंग आई है। सिपाही की मौत के बाद उसके परिवार में कोहराम मच हुआ है।

### पत्नी ने दी थी हार्ट अटैक की सूचना

मनोज की पत्नी ज्योति उर्फ मीनू ने ससुराल वालों को पहले हार्ट अटैक की सूचना दी, लेकिन जब भाई मौके पर पहुंचे तो असलियत सामने आई। परिजन मनोज को निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक मनोज की जीभ बाहर निकली हुई थी। गले में रस्सी के निशान थे। शरीर पर नाखून की खरोंच के निशान बताए गए हैं, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग आने के बाद पुलिस उसे सुसाइड ही मान रही है।

### सप्ताहभर पहले नए मकान में किया था गृह प्रवेश

सिपाही मनोज मौर्य वर्तमान में कैंफर स्टेट कालोनी में अपने निजी मकान में रहते थे। एक सप्ताह पूर्व गृहप्रवेश किया था। इससे पूर्व वहीं किराये के मकान में रह रहे थे। धीरे-धीरे वह अपने नए मकान में सामान भी शिफ्ट कर रहे थे। मृतक तीन भाइयों संतोष, मनोज, मुनीश में बीच का था। मृतक की एक बेटी और एक बेटा है।

### आत्म हत्या की वजह से नहीं दी गई सलामी

पुलिस के किसी जवान की मौत के बाद पुलिस लाइन में सलामी देने के बाद भी शव उसके परिवार को सौंपा जाता है। जबकि अंतिम संस्कार भी पुलिस जवानों की मौजूदगी में होता है। लेकिन सिपाही मनोज मौर्य की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग आने के बाद इसे आत्मघाती कदम मानते हुए उन्हें पुलिस लाइन में सलामी भी नहीं दी गई।

# कचहरी में दो अधिवक्ताओं के चैंबर में चोरी, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : कचहरी परिसर में दो अधिवक्ताओं के चैंबर में चोरी की घटना सामने आई है। इसके अलावा एक चौकीदार का ई रिक्शा भी चोर चोरी करके ले गए। वहीं बारादरी क्षेत्र के गोल्डन ग्रीन पार्क में भी एक मकान में चोरी की रिपोर्ट दर्ज की गई है।

अधिवक्ता खलीक उर रहमान ने बताया कि 25 फरवरी को सुबह 10:30 बजे वह जब कचहरी स्थित अपने चैंबर पर पहुंचे तब देखा कि चैंबर का ताला टूटा हुआ था। चोर उनके चैंबर से इंवर्टर बैटरा चोरी करके ले गए थे। इसके अलावा जेल रोड कचहरी स्थित ज्वाला प्रसाद एडवोकेट के चैबंर से भी अज्ञात चोर इंवर्टर बैटरा, कूलर का पंप चुराकर ले गए। वहीं जेल रोड कहचरी से अज्ञात चोर चौकीदार श्याम सुन्दर मिश्रा की बैटरी रिक्शा चोरी करके ले गए। कोतवाली पुलिस ने इस मामले में अज्ञात में एक संयुक्त रिपोर्ट दर्ज करके चोरों की तलाश शुरु कर दी है।

### इंवर्टर-बैटरा चोरी

गोल्डन ग्रीन पार्क बीसलपुर रोड निवासी आरके चतुर्वेदी ने बताया कि 9 फरवरी की रात उनके जीने के नीचे रखा इंवर्टर-बैटरा अज्ञात चोर चोरी करके ले गए। उन्हें 26 फरवरी को घटना की जानकारी हुई। अब बारादरी पुलिस ने तहरीर के आधार पर अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।




# हादसे में घायल युवक की इजाज के दौरान मौत

**बरेली, अमृत विचार** : सड़क हादसे में घायल युवक ने शनिवार सुबह शहर के निजी अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

आशुतोष सिटी निवासी रक्षा राम (37) एक सीमेंट कंपनी में कार्यरत थे और होली गिफ्ट वितरण के सिलसिले में शुक्रवार दोपहर आंवला गए थे। इसी दौरान एक बरात घर के पास एक अज्ञात बाइक सवार ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद बाइक सवार मौके पर अपनी बाइक छोड़कर फरार हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से रक्षा राम को आंवला के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां हालत नाजुक होने पर शाम को डोहरा रोड स्थित अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उपचार के दौरान शनिवार सुबह उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतक के भाई अमित पाल ने बताया कि रक्षा राम अपने पीछे पत्नी और दो छोटे बच्चों को छोड़ गए हैं। पिता रामसूरत हादसे के बाद से गहरे सदमे में हैं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# 1.72 लाख का 1150 किलो मिलावटी पनीर नष्ट कराया



दुकान के बाहर से मिलावटी पनीर को जब्त कर गाड़ी में भरवाते खाद्य सुरक्षा अधिकारी।

**बरेली, अमृत विचार** : बदायूं के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी मात्रा में मिलावटी पनीर बरेली और आसपास शहरों में खपाया जा रहा है। कानपुर में पकड़े गए मिलावटी पनीर के बाद दो दिन से खाद्य सुरक्षा विभाग की टीमें छापेमारी कर रही हैं। टीम ने शनिवार को प्रथमदृष्टया दूषित अवस्था में भण्डारण एवं गुणवत्ता संदिग्ध प्रतीत होने पर 1.72 लाख रुपये कीमत के 1150 किलो पनीर को जब्त कर नष्ट करा दिया।

मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अक्षत गोयल के अनुसार आयुक्त एवं डीएम के आदेश पर होली पर्व के अवसर पर छापेमारी की जा रही है। टोल एवं नाको पर खाद्य पदार्थों की चेकिंग कर अभियान चलाया जा रहा है। शनिवार को चेकिंग के दौरान रामगंगा पुलिस चौकी के पास वाहन में ड्रम लदे हुए देखकर चालाक को गाड़ी रोकने का इशारा किया, लेकिन चालक गाड़ी भगाकर निकल गया। पीछा करते हुए सचल दल कुतुबखाना सब्जी मंडी पहुंचा। मौके पर व्यापारी के सामने 23 ड्रम उतारे जा रहे थे। टीम को देख चालक भाग गया। टीम ने ड्रमों को खोल खाद्य पदार्थ का निरीक्षण किया। पनीर जब्त कर लिया।

- बदायूं से शहर में आपूर्ति किया जा रहा मिलावटी पनीर
- खाद्य टीम ने कुतुबखाना सब्जी मंडी से पकड़ा पनीर

# साइबर ठगों ने 2 लोगों को बनाया निशाना, खाते से 6 लाख रुपये उड़ाए

- उत्तराखंड और सीबीगंज के रहने वाले हैं पीड़ित, रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : उत्तराखंड और सीबीगंज निवासी युवक साइबर ठगी का शिकार हो गए। साइबर ठगों ने दोनों युवकों के खाते से 6 लाख रुपये उड़ा लिए। इस मामले में साइबर क्राइम थाना और सीबीगंज पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

उत्तराखंड के जनपद रुद्रप्रयाग ब्लॉक जखोली गांव धारकोट निवासी प्रदीप सिंह कंडारी ने बताया कि उनके आईसीआईसीआई बैंक से कुल 8 बार में 5 लाख 11 हजार 74 रुपये किसी अज्ञात साइबर अपराधी ने अन्य खाते में ट्रांसफर कर दिए। पीड़ित की तहरीर पर साइबर क्राइम पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं सीबीगंज थाना क्षेत्र के बादशाह नगर निवासी पप्पू ने बताया कि उसका बड़ौदा यूपी बैंक शाखा फतेहगंज पश्चिमी और दूसरा अकाउंट बादशाह नगर की इंडियन बैंक में है। वह 25 फरवरी को सीबीगंज में इलेक्ट्रानिक की दुकान पर बिजली का सामान खरीदने गया था। तभी उसके बड़ौदा यूपी बैंक के खाते से 99 हजार और इंडियन बैंक के खाते से 6 हजार रुपये निकाल लिए गए। युवक ने बताया कि फोन के माध्यम से एक बार में 65 हजार और दूरी बार में 34 हजार रुपये का ट्रांसफर हुए। सीबीगंज पुलिस ने इस मामले में रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

### सऊदी अरब भेजने के नाम पर दो लाख ठगे

**बरेली, अमृत विचार** : सऊदी अरब में ड्राइवर की नौकरी लगवाने के नाम पर दो लोगों ने महिला से दो लाख रुपये ठग लिए। उसके बाद उसके बेटों को मजूदरी के अड्डे पर भेज दिया, लेकिन पांच दिन बाद उसे वापस भेज दिया गया। अब महिला ने पैसे वापस मांगे तो आरोपी गाली गलौज करके जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। सीबीगंज थाना क्षेत्र के बिधौलिया निवासी आवदा ने बताया कि उसके घर पर बिथरी चैनपुर के उमरिया सैदपुर निवासी वसीम और जावेद आए थे। उन्होंने कहा कि हम लोग सऊदी में नौकरी लगवाने का काम करते हैं। महिला ने अपने बेटे फैजान को सऊदी अरब भेजने की बात कही। महिला ने जावेद और वसीम को तीन बार में 2 लाख रुपये दे दिए। आरोपियों ने पैसे लेकर ड्राइवर की नौकरी लगवाने का आश्वासन दिया। उसके बाद आरोपियों ने फैजान के हस्ताक्षर और अंगूठे के निशान ले लिए। उन्होंने 21 दिसंबर 2025 को फैजान को सऊदी अरब में लेबर के काम पर भेज दिया। जहां से उसे पांच दिन बाद वापस कर दिया गया। महिला ने जब अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपियों ने जान से मारने की धमकी देकर गाली गलौज की। पुलिस से शिकायत करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। अब एडीजी के आदेश पर सीबीगंज पुलिस ने बिथरी चैनपुर के सैदपुर निवासी वसीम और जावेद के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

- ड्राइवर की नौकरी लगवाने की कही थी बात, भेज दिया मजदूरी पर
- एडीजी के आदेश पर सीबीगंज पुलिस ने पीड़िता की दर्ज की रिपोर्ट

# माल खरीदने के नाम पर लगाया चार लाख का चूना

**बरेली, अमृत विचार** : बीएलवाई इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर को ठगों ने अपनी काम का माल दिलाने के नाम पर चार लाख रुपये का चूना लगा दिया। उसके बाद एक्सपाइरी डेट का सामान भेजा। इसके बाद उसे अपने साथ हुई ठगी का अहसास हुआ। पीड़ित ने एसएसपी से शिकायत की। एसएसपी के आदेश पर बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

बारादरी थाना क्षेत्र के दुर्गानगर निवासी विवेक पटेल ने बताया कि वह बीएलवाई इंटरप्राइजेज का प्रोपराइटर है। उसकी फर्म गंगा टावर चंदपुर बिचपुरी सेक्टर 3 रामगंगानगर कॉलोनी के सामने है। अमित जौहरी निवासी मठ कमल नयनपुर थाना इज्जतनगर 8 मार्च 2025 को उसके आफिस पर आया। उसने कहा कि वह एएसएम सइसा प्रोफलैटिक प्राइवेट लिमिटेड में काम करता है। वह अपने साथ अतुल गुप्ता निवासी आशुतोष सिटी को भी लाया था। अतुल का परिचय कराने के बाद बताया कि यह भी हमारे साथ काम करता है। दोनों ने मिलकर अपनी कंपनी के प्रोडक्ट दिखाए। इसमें बताया कि उनकी कंपनी सरकारी अस्पताल में मस्ती निरोध के नाम से निरोध सप्लाई करती है। वह मार्केट में सुपर स्टॉकिस्ट बनाने आए हैं। डिस्ट्रीब्यूटर व पैसा की सारी जिम्मेदारी उनकी है। उनकी टीम में प्रयागराज का प्रशांत, दिल्ली का प्रदीप पांडे, हापुड़ का रानू शंकर शर्मा, नोएडा का धीरज कुमार मौर्य, शाहबाद मोहल्ले का अमित बहेल उर्फ विक्की शामिल हैं।

# पुलिस सतर्क : होली पर हुड़दंग करने वाले रडार पर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार** : होली पर्व पर हुड़दंग करने वाले पुलिस की रडार पर हैं। रेंज के चारों जिलों में चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात की गई है। डीआईजी अजय कुमार साहनी ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली का पर्व सम्पन्न कराने को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। साथ ही बरेली परिक्षेत्र के जनपद बरेली, बदायूं, पीलीभीत और शाहजहांपुर में शांति एवं कानून-व्यवस्था के दृष्टिगत जनपदों को सुपर जोन, जोन, सेक्टरों और सब सेक्टर में विभाजित करते हुए पुलिस की तैनाती की गई है।

डीआईजी अजय कुमार साहनी ने बताया कि बरेली में 3041, बदायूं में 2275, पीलीभीत में 1397 और शाहजहांपुर में 2855 कुल 9568 स्थानों पर होलिका दहन की जाएगी। छोटे-बड़े जुलूस की बात करें तो बरेली में 80, बदायूं में 15, पीलीभीत 10 और शाहजहांपुर में 18 निकाले जाएंगे। बरेली परिक्षेत्र के जनपदों को आठ सुपर जोन, 41 जोन, 145 सेक्टर व 350 सब सेक्टरों में विभाजित किया गया है। बरेली में राम बरात शोभायात्रा थाना किला क्षेत्र में बमनपुरी से दो मार्च को मुख्य रूप से और थाना प्रेमनगर क्षेत्र में बानखाना से तीन मार्च को प्रारम्भ होकर थाना कोतवाली और थाना बारादरी में मिश्रित आबादी क्षेत्र से होता हुआ अपने गन्तव्य स्थान पर समाप्त होता है। शाहजहांपुर में होली पर्व को लेकर 18 जुलूस एवं दो मुख्य जुलूस निकाले जाते हैं।



डीआईजी अजय कुमार साहनी।

- डीआईजी बोले, सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराया जाएगा होली का पर्व
- बरेली परिक्षेत्र को 8 सुपर जोन, 41 जोन, 145 सेक्टर व 350 सब सेक्टरों में बांटा

बड़े लाट साहब के जुलूस के मार्ग में 30 मस्जिद-मजार और कब्रिस्तान पड़ते हैं। जुलूस का थाना कोतवाली व सदर क्षेत्रों में निकाला जाता है इस जुलूस का मार्ग 08 किमी का है। छोटे लाट साहब के जुलूस के मार्ग में 08 मस्जिदें व दो मजार पड़ती हैं। यह जुलूस थाना रामचन्द्र मिशन व चैकी सराय काइया होते हुए दोबारा मोहल्ला सराय काइया में समाप्त होता है। इस जुलूस का मार्ग 3.5 किमी लम्बा है। जिसे देखते हुए बरेली परिक्षेत्र के जनपदों में अपर पुलिस अधीक्षक 10, क्षेत्राधिकारी 30, प्रभारी निरीक्षक-थानाध्यक्ष-92 निरीक्षक-268, मुख्य आरक्षी-2759, आरक्षी-4728 महिला मुख्य आरक्षी-आरक्षी-1759 कुल 11444 औक मुख्यालय डीजी रिजर्व से पांच कम्पनी, दो प्लाटून पीएसी, चार कम्पनी आरआरएफ एडीजी बरेली जोन रिजर्व से एक कम्पनी पीएसी और रेन्ज रिजर्व की चार कम्पनी पीएसी कुल-14 कम्पनी, 02 प्लाटून पीएसी एवं आरएएफ का व्यवस्थापन किया गया है।

# चीनी मिलों पर 671 करोड़ बकाया, किसानों की फीकी रहेगी होली

## गन्ना किसानों को 14 दिन के भीतर भुगतान के दावे हवाई साबित, विभागीय अफसरों ने भी मौन साधा, आर्थिक संकट से जूझ रहे अन्नदाता

- बरखेड़ा और मकसूदापुर की बजाज चीनी मिलों पर है सबसे अधिक बकाया
- पीलीभीत, शाहजहांपुर और बरेली के किसान भी हाथ खाली रहने के डर में

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** अपनी मेहनत से मिठास देने वाले मंडल के एक लाख से अधिक गन्ना किसानों की होली फीकी रहेगी। कारण यह है कि मंडल की 16 चीनी मिलें चालू पेराई सत्र का 671.16 करोड़ रुपये दबाए बैठीं हैं। बरखेड़ा की बजाज शुगर मिल पर सर्वाधिक 154.24 करोड़ रुपये का बकाया हैं। दूसरा स्थान मकसूदापुर की बजाज शुगर मिल का है। मिल किसानों का 115 करोड़ दबाए बैठी है। गन्ना किसानों को 14 दिन के भीतर भुगतान के दावे हवाई साबित हो रहे हैं।



गन्ना विभाग से मिली आंकड़ों की बात करें तो मंडल में पांच लाख से गन्ना किसान 16 चीनी मिलों को लगभग 13 लाख क्विंटल गन्ना की आपूर्ति करते हैं। होली का त्योहार सिर पर है। किसान चाहते हैं कि इस सत्र में बेचे गए गन्ने का पूरा भुगतान होली से पहले मिल जाए, लेकिन चीनी मिलें बकाए पर कुंडली मारे बैठी हैं। वहीं, विभागीय अफसर भी खामोश हैं। गन्ने का भुगतान नहीं हुआ तो अधिकांश किसानों को होली पर हाथ खाली रहेगा। जिलेवार आंकड़े देखें तो पीलीभीत के किसानों के सबसे ज्यादा 285.60 करोड़ रुपये बकाया है। दूसरे नंबर पर शाहजहांपुर के किसानों के 216.85 करोड़, बरेली के किसानों के 120.55 करोड़ और बदायूं के किसानों के 48.16 करोड़ रुपये बकाया हैं।

### किसानों का पैसा रोककर कमाई करने में लगीं मिलें, मुश्किल में किसान

सूत्र बताते हैं चीनी मिलें सहकारी समितियों से किसानों को गन्ने की बुवाई के समय खाद और बीज देती हैं तो उसका पैसा ब्याज समेत गन्ना बिक्री के समय काटा जाता है। मगर, गन्ने का बकाया मिलों पर कितने ही दिन बना रहे, किसानों को चीनी सस्ती होने का बहाना बनाकर बकाया पर ब्याज नहीं दिया जाता। बरेली की बहेड़ी, पीलीभीत की बरखेड़ा, शाहजहांपुर की मकसूदा मिल तो हमेशा से ही किसानों का बकाया लंबे समय रोककर बिना ब्याज भुगतान करती हैं।

### मंडल की चीनी मिलों पर कुछ इस तरह है बकाया

फरीदपुर की द्वारिकेश शुगर मिल पर 27 .96, बहेड़ी की केसर शुगर मिल पर 31.68, मीरगंज की धामपुर पर 24 .95, बहादुरगंज की त्रिवटीनाथ पर 1 .39 और सेमीखंडा की सहकारी चीनी मिल 34 .57 करोड़ बकाया है। इसी तरह पीलीभीत की एलएच शुगर मिल पर 55 .24, बरखेड़ा की बजाज पर 154 .24, बीसलपुर की सहकारी मिल पर 23 .92, पूरनपुर की सहकारी मिल पर 52 .20 करोड़ का बकाया है। शाहजहांपुर में निगोही की डालमिया मिल पर 23 .70, मकसूदापुर की बजाज मिल पर 115 .40, रोजा की बिरला-अवध पर 16 .76, तिलहर की सहकारी मिल पर 35 .41, पुवांया की सहकारी मिल पर 25 .58 करोड़ का बकाया है। वहीं, बदायूं की बिसौली स्थित यदु शुगर मिल पर 27 .02 और बदायूं की सहकारी चीनी मिल 21.24 करोड़ रुपये दबाए बैठी है।

> मैंने हाल ही में बकायेदार मिलों के अधिकारियों को तलब कर बैठक की है। भुगतान का शेड्यूल मांगा गया है। अगर फिर भी देरी करते हैं तो शासन के निर्देशानुसार कार्रवाई की जाएगी।
> – **राजेश मिश्र**, उप गन्ना आयुक्त

# पुराने वादों के निस्तारण पर फोकस करें अधिकारी

- डीएम ने राजस्व विभाग की सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में राजस्व विभाग की सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर विभिन्न विभागों से संबंधित परियोजनाओं एवं राजस्व प्राप्ति की प्रगति की समीक्षा की। अधिकारियों से लक्ष्यों के सापेक्ष प्रगति लाने और नियमित लक्ष्य को ध्यान में रखकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने आबकारी, बरेली विकास प्राधिकरण, बाट माप, मंडी परिषद, औषधि प्रशासन, खाद्य एवं रसद, जीएसटी, परिवहन आदि विभागों से राजस्व प्राप्ति की प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा में उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों से कहा कि लक्ष्यों के सापेक्ष प्रगति लाएं। निरंतर कार्रवाई कर सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर उच्च ग्रेडिंग को बनाए रखें। उन्होंने तहसीलवार सभी उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार से न्यायिक वादों के निस्तारण की प्रगति की समीक्षा की। पुराने वादों को जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए। पांच साल व तीन साल से पुराने वादों पर विशेष ध्यान दें। डीएम ने बैठक में धारा 80, धारा 116, धारा 89, धारा 34 के अंतर्गत आने वाले वादों की भी नियमित मॉनिटरिंग कर निपटाने के निर्देश दिए। ई परवाना के अंतर्गत की जाने वाली कार्रवाई को शत प्रतिशत पूर्ण करें। अधिकारी अपनी तहसील मुख्यालय पर ही निवास करें। बैठक में अपर जिला अधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संतोष कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, अपर जिलाधिकारी न्यायिक देश दीपक सिंह, एसडीएम सदर प्रमोद कुमार उपस्थित रहे।



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते डीएम अविनाश सिंह। • अमृत विचार

### मछली पालन को तालाबों का कराएं पट्टा

**बरेली, अमृत विचार :** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने जिले के सभी एसडीएम को निर्देश जारी किए हैं कि विशेष अभियान चलाकर अपनी-अपनी तहसील के अंतर्गत ग्राम सभा के मछली पालन के रिक्त तालाबों का शत-प्रतिशत आवंटन कराएं, ताकि वन ट्रिलियन इकोनामी में मछली उत्पादन का विशेष योगदान संभव हो सके। डीएम ने एसडीएम सदर, फरीदपुर, मीरगंज, आंवला, नवाबगंज व बहेड़ी को निर्देश दिए हैं कि मछली पालन के लिए ग्रामसभा के तालाबों का पट्टा आवंटन 10 वर्ष के लिए जारी कराएं। किसी भी ग्रामसभा में मछली पालन योग्य कोई रिक्त तालाब आवंटन के लिए शेष न रहे। यह भी निर्देश दिये हैं कि ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करें कि पट्टा आवंटन शिविर के दिन ही पट्टा धारक को पट्टे का विलेख मिल जाए ताकि पट्टा धारक मत्स्य विभाग से संपर्क कर मत्स्य पालन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ ले सकें।

### फार्मर रजिस्ट्री का लक्ष्य पूरा करने के निर्देश

**बरेली, अमृत विचार :** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने शनिवार को फॉर्मर रजिस्ट्री की प्रगति के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की। जिलाधिकारी ने तहसीलवार समीक्षा की। तहसील बहेड़ी और तहसील आंवला में फॉर्मर रजिस्ट्री ज्यादा लंबित मिलने पर जिलाधिकारी ने ध्यान देने के निर्देश दिए। उप कृषि निदेशक को निर्देश दिए कि फॉर्मर रजिस्ट्री में जो भी अशुद्ध डाटा है, उसे सही करवाने के लिए त्वरित कार्रवाई करें, जिससे लक्ष्य सही किया जा सके और लंबित आंकड़ों का सही आकलन हो सके। डीएम ने कहा कि सभी अधिकारी फॉर्मर रजिस्ट्री लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति दिखाएं। जनसेवा केन्द्रों से भी फॉर्मर रजिस्ट्री करने में सहयोग लें। जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारी, उपनिदेशक कृषि और जिला कृषि अधिकारी को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संतोष कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, सभी उप जिलाधिकारी, उपनिदेशक कृषि, जिला कृषि अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी उपस्थित रहे।

### क्यारा डबरी और जल्लापुर डबरी में बड़े तालाबों का होगा पट्टा

सहायक निदेशक मत्स्य गायत्री पांडे ने बताया कि क्यारा डबरी में 2 .842 हेक्टेयर और जल्लापुर डबरी में 6 .803 हेक्टेयर में मत्स्य पालन एवं आखेट करने के लिए 10 वर्ष के लिए पट्टा आवंटन किया जाएगा। इसके लिए निविदा जारी की गयी है। निविदा में प्रतिभाग करने की तिथियां घोषित की हैं। तहसील सदर सभागार में निविदा खोली जाएगी।

# सर्वाइकल कैंसर से बचाव को किशोरियों को लगेगी वैक्सीन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** तेजी से फैल रहे सर्वाइकल कैंसर से किशोरियों को बचाने के लिए देश भर में वैक्सीन लगाने का अभियान चलाया जाएगा। अप्रैल से शुरू होने वाले इस अभियान में बरेली जिले में भी 50 हजार वैक्सीन लगाई जाएगी। यह वैक्सीन लगने से कैंसर होने की संभावना कम हो जाती है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विश्राम सिंह ने शनिवार को बताया कि जनपद बरेली में 50 हजार से अधिक 14 वर्ष की किशोरियों को एचपीवी टीकाकरण अभियान चलाकर किया जायेगा। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. प्रशांत रंजन ने बताया कि एचपीवी वैक्सीन के लिए गार्डासिल-4 (क्वाड्रिवैलेंट एचपीवी वैक्सीन), जो कि स्ट्रेन 6, 11, 16 व 18 से बचाव करेगी और सर्वाइकल कैंसर से बचायेगी। वैक्सीन लगाने के लिए टीम को पहले प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद अप्रैल से जिले में वैक्सीन लगाने का कार्य शुरू किया जाएगा।

### टीकाकरण अभियान का सजीव प्रसारण देखा

**बरेली, अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को राजस्थान के अजमेर से वर्चुअल माध्यम से सर्वाइकल (गर्भाशय) कैंसर की रोकथाम के लिए एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया। जिलाधिकारी अविनाश सिंह की मौजूदगी में इसका सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। अभियान के अंतर्गत 14 वर्ष की आयु वर्ग की किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव को एचपीवी की वैक्सीन लगायी जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि टीका सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, जिला अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में उपलब्ध रहेगा। अभियान तीन माह तक चलेगा।

## सिटी ब्रीफ

### गमगीन माहौल में पूर्व चैप्टर चेयरमैन का अंतिम संस्कार

**बरेली, अमृत विचार :** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) के पूर्व चैप्टर चेयरमैन सुरेश सुंदरानी का मॉडल टाउन श्मशान घाट में शनिवार की दोपहर तीन बजे परिजनों समेत व्यापारियों और उद्यमियों ने भारी मन से अंतिम विदाई देते हुए अंतिम संस्कार किया। उसके बाद सभी अपने-अपने गंतव्य को लौटे। पूर्व चैप्टर चेयरमैन सुरेश सुंदरानी का गुड़गांव के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान शुक्रवार को निधन हो गया था। उनके परिजन उनका शव लेकर गुड़गांव से बरेली शनिवार को पहुंचे थे। जिसके बाद मॉडल टाउन में अंतिम संस्कार किया गया।

### अखिल भारतीय उत्तराखंड महासभा का 18 वां बसंतोत्सव आज

**बरेली, अमृत विचार :** अखिल भारतीय उत्तराखंड महासभा का 18 वां बसंतोत्सव भोलेनाथ मंदिर प्रांगण कुर्मांचल नगर में रविवार को आयोजित किया जाएगा। इस संबंध में शनिवार को महासभा की बैठक देवेंद्र सिंह देवलिया की अध्यक्षता में हुई। महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद घिल्डियाल ने बताया कि उत्तराखंड सरकार के राज्य मंत्री हाथकरघा उद्योग बीएम सेमवाल कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। सुप्रसिद्ध लोक गायिका दीक्षा ढौंडियाल सांस्कृतिक दल के साथ कार्यक्रम में भागीदारी करेंगी। लोक कलाकार एवं सिने अभिनेता अनिल बिष्ट भी आएंगे। दीक्षा ढौंडियाल व अनिल बिष्ट को उत्तराखंड गौरव सम्मान भी प्रदान किया जाएगा।

### सीबीएसई 10 वीं और 12 वीं की परीक्षाएं संपन्न

**बरेली, अमृत विचार :** होली से पहले ही सीबीएसई 10 वीं और 12वीं की परीक्षाएं संपन्न हो गईं। इससे छात्र-छात्राएं उत्साहित हैं। शनिवार को 10 वीं और 12वीं की परीक्षाएं सभी केंद्रों पर शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुईं।10 वीं में संस्कृत विषय की परीक्षा 2 केंद्रों पर हुई, जिसमें सभी 131 पंजीकृत विद्यार्थी उपस्थित रहे। वहीं, 12 वीं में रसायन विज्ञान विषय की परीक्षा 24 परीक्षा केंद्रों पर हुई। पंजीकृत 5,231 में से 5,132 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# पूर्व बसपा मंडल को-ऑर्डिनेटर ने पार्टी छोड़ी

- बसपा में 29 सालों में कई महत्वपूर्ण पदों पर रहे ऋषिपाल
- बसपा जिलाध्यक्ष ने कहा, पार्टी में हैं ही नहीं तो इस्तीफा कैसा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** 2027 विधानसभा चुनाव नजदीक होने के कारण जहां सभी पार्टियां चुनाव की रणनीति बनाने में जुटी हुई हैं। वहीं, जिले में बहुजन समाज पार्टी (बसपा) में आपसी गतिरोध सामने आने लगा है। आपसी मतभेद के कारण 29 सालों से बसपा के लिए काम करने वाले पूर्व मंडल को-ऑर्डिनेटर ऋषिपाल सिंह ने फेसबुक पर संगठन के कई लोगों पर निशाना साधते हुए पार्टी से इस्तीफा दे दिया। उधर, बसपा जिलाध्यक्ष जयपाल सिंह ने कहा कि वह पार्टी में ही नहीं थे तो इस्तीफा कैसा।

पूर्व बसपा मंडल को-ऑर्डिनेटर ऋषिपाल सिंह ने फेसबुक पर जिला अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष के नाम से अपना इस्तीफा दिया है। जिसमें उनका दर्द साफ झलक रहा है। उन्होंने लिखा कि मैं एडवोकेट ऋषिपाल सिंह पूर्व मंडल प्रभारी बरेली मंडल विभिन्न पदों पर रहकर लगभग 29 सालों से लगातार सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में पार्टी में रहकर सेवाएं दे रहा हूं। लेकिन, 28 फरवरी को बहुत ही दुखी मन से पार्टी की प्राथमिक सदस्यता और अभी तक की सभी जिम्मेदारियों से इस्तीफा दे रहा हूं। मैंने पार्टी में रहकर अब तक जो भी जिम्मेदारियां निभाईं, उसके लिए मैं आभारी हूं। इधर लंबे समय से मंडल और जिले के कुछ तथाकथित सम्मानित और जिम्मेदार नेता हमारे समाज की लगातार उपेक्षा कर रहे हैं। कुछ नेताओं की सोची समझी साजिश के तहत समाज को आगे बढ़ने नहीं दिया जा रहा है। जानबूझकर किसी भी महत्वपूर्ण और जिम्मेदार पद पर नहीं रखा जा रहा है। समाज को राजनीति में जानबूझकर हासिये पर रखा जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि खटीक समाज का, वाल्मीकि समाज का, धोबी समाज का, मौर्य समाज का, सक्सेना समाज का कोई नेता नहीं है। उधर बसपा जिलाध्यक्ष जयपाल सिंह ने कहा कि वह पार्टी में थे ही नहीं और 2022 से वह पार्टी में कुछ भी नहीं हैं। यहां तक कि उनके पास पार्टी की सदस्यता भी नहीं है। वह खुद को हाइलाइट करने के लिए सोशल मीडिया पर ड्रामा कर रहे हैं।

# छमाही उर्स में दरगाह पर हुए कार्यक्रम

**बरेली, अमृत विचार :** 59 वां छमाही उर्स ए शराफती व तीसरा उर्स ए सकलैनी के दूसरे दिन शनिवार को दरगाह पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें फातिहाखानी हुई। शाम को मगरिब की नमाज के बाद रोजेदारों को रोजा इफ्तार कराया गया। उर्स में शामिल होने के लिए शनिवार को भी अकीदतमंद पहुंचते रहे। शाम को असर की नमाज के बाद खानकाह शरीफ में फातिहा हुई। फातिहा सज्जादानशीन शाह मोहम्मद गाजी मियां ने पढ़ी और इसके बाद सभी रोजेदारों को रोजा इफ्तार कराया गया। मीडिया प्रभारी हमजा सकलैनी ने बताया कि 1 मार्च को असर की नमाज बाद शाम 5:30 बजे कुल शरीफ होगा और इसके बाद इफ्तार कराया जाएगा। वहीं, खानकाह शरीफ पर हर साल दो कुरआन पाक मुकम्मल किए जाते हैं। हाफिज गयासुद्दीन ने दस दिनों में कुरआन पाक सुनाया। कुरआन ए पाक की अजमत व फजीलत बयान की गई। फातिहा ख्वानी की गई। तरावीह पढ़ने वालों ने कुरआन सुनाने वाले हाफिज गयासुद्दीन को मुबारकबाद दी।

# डीएम कार्यालय पर 22.73 लाख का बिजली बिल बकाया

- अधिशासी अभियंता ने डीएम को चिट्ठी जारी कर धनराशि जमा कराने का किया आग्रह
- विभाग सिटी मजिस्ट्रेट आवास पर बकाया बिल बताकर जारी कर चुका है आरसी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के रामपुर गार्डन स्थित कमर्शियल-2 वर्टिकल के अधिशासी अभियंता सूर्य कुमार लगातार चर्चा में हैं। पहले एडीएम कंपाउंड स्थित सिटी मजिस्ट्रेट आवास पर 22 लाख से ज्यादा की रिकवरी बताते हुए आरसी जारी की, फिर भाजपा कार्यालय के विरुद्ध 99 हजार की आरसी जारी की। अब जिलाधिकारी कार्यालय पर बिजली का बकाया निकाला है। अभियंता ने जिलाधिकारी कार्यालय पर 22.73 लाख रुपये से अधिक का बिजली का बकाया निकाला है। साथ ही डीएम को पत्र जारी करते हुए धनराशि जमा कराने का आग्रह किया है।

अधिशासी अभियंता ने 25 फरवरी को डीएम को जारी किए पत्र में उपभोक्ता का नाम डीएम कचहरी रोड बरेली बताया है। 24 किलोवाट का संयोजन 1652805000 नंबर का खाता बताया है। फरवरी 2026 तक का 2273293 रुपये की धनराशि बकाये में दिखायी है। पत्र के साथ बिल की कॉपी भी संलग्न की है। डीएम से सूची में दर्ज विद्युत बिल की बकाया धनराशि जमा करने का आग्रह किया है। अभियंता का पत्र जिलाधिकारी कार्यालय में पहुंच गया है। बिल को लेकर अधिकारियों ने मंथन शुरू कर दिया है। बकाया बिल पर सवाल यह भी उठ रहा है कि इतना बिल कैसे हो गया। कलेक्ट्रेट परिसर में सोलर सिस्टम भी लगा है। उसकी बिजली से कलेक्ट्रेट परिसर में बिजली आपूर्ति होती है। फिलहाल, जिलाधिकारी ने अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

## सिटी डायरी

### मंडल अध्यक्ष बने संजय सिंह



**बरेली, अमृत विचार :** पूर्वोत्तर रेलवे ओबीसी रेल कर्मचारी संगठन इज्जत नगर मंडल का अधिवेशन एवं चुनाव यांत्रिक कारखाना के साइकिल स्टैंड परिसर में जोनल महामंत्री रामाश्रय यादव और जोनल पर्यवेक्षक सीपी वर्मा की अध्यक्षता में हुआ। मंडल मंत्री सतीश चंद्र ने कहा कि इज्जत नगर मंडल वर्ष 1997 से ओबीसी कर्मचारी की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार संघर्ष कर रहा है। इस मंडल में ओबीसी के लगभग 3000 सदस्य हैं। ओबीसी मंडल कार्यकारी पदाधिकारी के चुनाव के लिए मंडल की सभी शाखाओं के कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। 20 पदाधिकारियों को वर्ष 2026 .2028 के लिए चुना गया। मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, मंडल कार्यकारी अध्यक्ष कैलाश कुमार, मंडल वरिष्ठ उपाध्यक्ष जीना कमर अंसारी, मंडल उपाध्यक्ष सीमा गंगवार, दिनेश यादव, मोहित कश्यप को चुना गया। इसके अलावा मंडल मंत्री सतीश चंद्र, संयुक्त मंडल मंत्री हरेंद्र अभिजीत कुमार यादव गिरीश चंद्र शैलेंद्र चुने गए। मंडल कोषाध्यक्ष सुरेश पाल, मंडल संगठन मंत्री सोनम गंगवार, सहायक मंडल मंत्री सुनीता मौर्य, रामकिशोर, इकबाल अहमद, मटरू यादव, प्रेम सिंह सोनू चुने गए। मंडल ऑडिटर राजेश कुमार को चुना गया।



### रमन पार्क का उद्घाटन सीवी रमन की प्रतिभा का अनावरण

**बरेली, अमृत विचार :** बरेली कॉलेज के भौतिकी विभाग में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर सचिव देव मूर्ति ने रमन पार्क का उद्घाटन व भारत रत्न सीवी रमन की प्रतिमा का अनावरण किया। विद्यार्थियों ने विज्ञान आधारित मॉडलों का प्रदर्शन किया। प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश राय, प्रो. वीपी सिंह आदि मौजूद रहे।

### 15 वें रमजान को अदा की जाएगी नासिर मियां के कुल की रस्म



**बरेली, अमृत विचार :** नौमहला मस्जिद स्थित दरगाह नासरी मियां पर तीन दिवसीय उर्स का आयोजन सज्जादानशीन ख्वाजा सुल्तान अहमद नासरी की सरपरस्ती में होगा। नायब सज्जादानशीन ख्वाजा सलमान अहमद ने बताया कि 13 रमजान (3 मार्च) को बाद फजर में कुरआन ख्वानी की महफिल होगी। शाम साढ़े पांच बजे परचम कुशाई से उर्स-ए-नासरी का आगाज होगा। असर मगरिब के बीच हजरत साबिर पाक के कुल की रस्म अदा की जाएगी। सामूहिक रोजा इफ्तार किया जाएगा। तरावी की नमाज के बाद ऑल इंडिया मुशायरे का आयोजन होगा। 14 रमजान (4 मार्च) को सुबह 11 :30 बजे हजरत नासिर मियां का विसाली कुल होगा। 15 रमजान (5 मार्च) को शाम 4 बजे महफिल-ए-समां का आयोजन होगा और हजरत नासिर मियां के 121 वें बड़े कुल की रस्म अदा होगी। मगरिब में रोजा इफ्तार और फिर रंग की महफिल होगी।

### उज्ज्वला लाभार्थियों को बांटी गैस सिलेंडर रीफिल सब्सिडी



**बरेली, अमृत विचार :** होली के उपलक्ष्य में उज्ज्वला लाभार्थियों को निशुल्क गैस सिलेंडर रीफिल सब्सिडी वितरित की गयी। लखनऊ में लोक भवन सभागार में हुए कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जीआईसी ऑडिटोरियम में भी दिखाया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में उज्ज्वला लाभार्थियों को निशुल्क गैस सिलेंडर रीफिल सब्सिडी बांटी गयी। जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि जनपद में 416736 उज्ज्वला योजना के लाभार्थी हैं। जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, बिथरी चैनपुर विधायक डॉ. राघवेंद्र शर्मा, जिलाधिकारी अविनाश सिंह, अपर जिलाधिकारी फाइनेंस संतोष कुमार सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी मनीष कुमार आदि ने रीफिल सब्सिडी का वितरण प्रतीकात्मक चेक के माध्यम से किया। लाभार्थियों के खातों में 362977056 रुपये ट्रांसफर किए गए।

सबसे पुराना स्थापित 1960
गुप्त रोगी रोजाना मिलें
हर जगह से परेशान रोगी मिले
नामर्दी, शीघ्रपतन, इच्छा की कमी
बिना ऑपरेशन दर्द रहित उपचार
बबासीर
खूनी, वादी, बवासीर, भगन्दर
कांच का बिना ऑपरेशन
इलाज दर्द रहित
उत्तर प्रदेश के प्रसिद्ध टॉप नं. 1
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
निकट जिला पंचायत चौपुला
कुतुबखाना रोड, बरेली
मो. 9259082174

सिटी ब्रीफ

## आनंद आश्रम संकीर्तन मंडल ने धूमधाम से मनाया फाग उत्सव



बरेली, अमृत विचार : श्री आनंद आश्रम संकीर्तन मंडल ने शनिवार को फाग उत्सव मनाया। राधा श्याम की सुंदर पालकी यात्रा नए टोला से शुरू हुई, जो मंदिर खंडसारीनाथ और रामकथा स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुई। यहां पर भजन कीर्तन हुए। सभी ने श्रद्धालुओं का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान सर्वेश अग्रवाल, दीपेश खण्डेलवाल, राकेश खण्डेलवाल, गौरव शर्मा, जनार्दन पाण्डेय, अंकित, विवेक, राजेश खण्डेलवाल आदि मौजूद रहे।

## पंजाबी महासभा महिला युवा इकाई ने मनाई होली

बरेली, अमृत विचार : पंजाबी महासभा महिला युवा इकाई की नई किटी राउंड का शुभारंभ होली के रंगों और उल्लास के साथ किया गया। रंगों, संगीत और हंसी–खुशी के बीच नई किटी की शुरुआत ने आपसी प्रेम, सौहार्द और नई ऊर्जा का संदेश दिया। पारंपरिक होली गीतों ने संध्या को और भी जीवंत बना दिया। नेहा साहनी, नीतू सेठी, आरती पुरी, निक्की पुरी, विनती छाबड़ा, ऋद्धि, रूपाली, सिमरन, नेहा, विद्या आदि मौजूद रहीं।

## आकाशवाणी के कर्मचारियों ने खेली जमकर होली

बरेली, अमृत विचार : आकाशवाणी कर्मचारियों ने शनिवार को परिसर में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया। आयोजन कार्यक्रम प्रमुख मिथिलेश श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में हुआ। लोकगायक दीपक राणा, शकील अहमद और क्षमा सक्सेना ने लोक धुनों पर सबको थिरकने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम अधिशासी गौरव सक्सेना, संदेश सक्सेना, देवेन्द्र रावत, अमृता सिंह, शिप्रा मिश्रा, पूनम, क्षमा सक्सेना, रोचना मिश्रा, नीतू त्रिपाठी, मोहम्मद परवेज, प्रदीप मिश्रा, बृजेश तिवारी, कृष्ण पाल मौर्य, राकेश कुमार शर्मा, कन्हैया, डॉ.रविंद्र कुमार, सुरेंद्र पाल, अभिनव पाठक आदि मौजूद रहे। स्थानीय प्रशासनिक प्रमुख अजय अवस्थी ने आभार जताया।

# स्कूलों में छाया होली का रंग, जमकर उड़ा गुलाल

## रंगोत्सव में छात्र-छात्राओं ने दीं मनमोहक प्रस्तुतियां, कई प्राइमरी स्कूलों में शिक्षकों ने बच्चों को रंग और पिचकारियां भी बांटीं

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : निजी और सरकारी स्कूलों में होली का रंग छाया रहा। इस दौरान शिक्षकों के संग विद्यार्थियों ने जमकर होली खेली। कई विद्यालयों में रंगोत्सव का भी आयोजन हुआ, जिसमें बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं।

होली के चलते अब स्कूल पांच मार्च को खुलेंगे। शनिवार को स्कूलों में बच्चों ने होली खेली। सुबह से ही बच्चों ने शिक्षकों को रंग लगाना शुरू कर दिया। इस दौरा जमकर गुलाल उड़ा। कई स्कूलों में शिक्षकों ने बच्चों को रंग और पिचकारियां भी बांटीं। शिक्षक नेता जितेंद्र गंगवार और हरीश बाबू शर्मा ने बच्चों को सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से होली खेलने की सीख दी। उच्च प्राथमिक विद्यालय रहपुरा चौधरी, उच्च प्राथमिक विद्यालय लखौरा समेत कई स्कूलों में होली खेलने के फोटो वायरल भी हुए।

**पहले दी परीक्षा फिर खेली होली:** हाईस्कूल की परीक्षाओं के पहले चरण के बाद छात्र-छात्राओं ने रंगों के पर्व होली को उत्साह और उमंग के साथ मनाया। परीक्षा की तैयारी के दबाव से बाहर निकलते ही विद्यार्थियों ने दोस्तों के साथ जमकर गुलाल उड़ाया। छात्रों का कहना था कि अब टेंशन नहीं है, बाकी पेपर होली के बाद होंगे, इसलिए थोड़ा समय खुद के लिए भी मिला है। वहीं, हाई स्कूल संस्कृत की परीक्षा में 821 छात्रों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। जिसमें 775 ने परीक्षा दी। जबकि 46 अनुपस्थित रहे।



जीजीआईसी में परीक्षा देने के बाद होली खेलतीं छात्राएं। ● अमृत विचार

### शिक्षक नेताओं ने बीएसए से की मुलाकात

बरेली, अमृत विचार : उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ बरेली की टीम ने शनिवार को बीएसए से मुलाकात कर होली की शुभकामनाएं दीं। शिक्षकों का महीनों से रुका वेतन जारी कराने की बात रखी। बीएसए को जिला महिला उपाध्यक्ष ऋतु मिश्रा और अन्नपूर्णा कुशवाहा ने शाल भेंट कर शिक्षकों की तरफ से आभार जताया। जिलाध्यक्ष जितेंद्र गंगवार ने बताया कि शिक्षकों का रुका वेतन जारी करने का आदेश दिया गया है। जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेंद्र गंगवार,अरविंद चौधरी, अजय कुमार, अनुभव शर्मा,राहुल सिंह,अंकित गुप्ता मौजूद रहे।

### शिक्षिकाओं ने फागुन गीतों से बांधा समा



बरेली, अमृत विचार : आर्मी पब्लिक स्कूल में रंगोत्सव मनाया गया। संगीत विभाग के शिक्षिकाओं ने फागुन गीत गाए। प्रधानाचार्य डॉ सरिता सिरोही ने रंगोत्सव को प्रेम, सौहार्द, परस्पर तालमेल व सहयोग की भावना का परिचायक बताया। उप प्रधानाचार्य एनसीसी आफिसर नंदकिशोर माथुर ने सभी को शुभकामनाएं दीं और स्टाफ के साथ होली खेली।

### रंग-बिरंगे परिधानों में बच्चों ने खेली फूलों की होली

बरेली, अमृत विचार : कर्मचारी नगर स्थित किड्स गार्डन प्ले डे केयर स्कूल में बच्चों ने फूलों की होली खेली। बच्चों ने रंग बिरंगे परिधान में होली के गीतों पर नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में अभिभावकों की उपस्थिति ने खुशियों को और बढ़ा दिया। विद्यालय के डायरेक्टर विवेक सक्सेना ने सुरक्षित, पर्यावरण–अनुकूल और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध होली का संदेश दिया। प्रधानाचार्या शैली सक्सेना ने बच्चों में प्रेम, भाईचारा और प्रकृति के प्रति सम्मान की भावना विकसित होने पर जोर दिया। इस दौरान स्वादिष्ट पकवान भी परोसे गए।




## प्रतियोगिता में रिया, अनन्या और फियूना की टीम प्रथम

बरेली, अमृत विचार: बरेली कॉलेज के बायोटेक्नोलॉजी विभाग में शनिवार को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर कैरियोन बायोटेक एसोसिएशन के तत्वावधान में 'द माइंड्स बिहाइंड द साइंस' विषय पर प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें 12 टीमों ने नोबेल पुरस्कार विजेता वैज्ञानिकों के जीवन व योगदान पर पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किए।

विभागाध्यक्ष डॉ. तृप्ता वर्मा ने चयनित वैज्ञानिकों के चित्र और उनके योगदान को फोटो फ्रेम के माध्यम से प्रदर्शित करते हुए वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने पर जोर दिया। निर्णायक मंडल में डॉ. मीनाक्षी त्रिपाठी, डॉ. साराह बसु और डॉ. विनय सिंह रहे। प्रो. आलोक खरे, प्रो. ए.पी. सिंह ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में रिया, अनन्या व फियूना की टीम प्रथम, वंशिका, जिया व दीपिका द्वितीय और मारिया, मान्यता व साधना तृतीय स्थान पर रहीं। संचालन मारिया और गरिमा ने किया। डॉ. मोलिना बिंदल ने आभार जताया। डॉ. शालिनी नगाइच व डॉ. संजीव कुमार ने अतिथियों को पौधे भेंट किए।

# केशलता इंटरनेशनल स्कूल में बच्चों ने खेली फूलों की होली, दिखा उत्साह



केशलता इंटरनेशनल स्कूल में हुए कार्यक्रम में बच्चों के साथ प्रधानाचार्य व अन्य। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार: केशलता इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को किंडरगार्टन के नन्हे मुन्ने बच्चों ने होली पर्व उत्साह के साथ मनाया। बच्चों ने फूलों और गुलाल के साथ रंगों के त्योहार का आनंद लिया। प्रेम, सौहार्द और खुशियों का संदेश दिया।

प्रधानाचार्य ममतेश माहेश्वरी, उप प्रधानाचार्य डॉ निशा शर्मा एवं प्रशासनिक अधिकारी सुधांशु शर्मा की उपस्थिति में कार्यक्रम हुआ। जिसमें बच्चों ने होली गीतों पर नृत्य किया। विद्यालय की निदेशिका डॉ लता अग्रवाल ने कहा कि होली प्रेम एकता और सकारात्मक का प्रतीक है। ऐसे सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिवानी सिंह, रुचि शर्मा, आशा शर्मा, शबीना, वर्षा शर्मा, छाया सिंह, आकाश पटेल, सुमित शर्मा आदि शिक्षक-शिक्षिकाओं का सहयोग रहा।

## जूडो प्रतियोगिता में बरेली के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन

- यूपी जूडो एसोसिएशन ने प्रतियोगिता का आयोजन किया

बरेली, अमृत विचार: दृष्टिबाधित एवं श्रवणबाधित जूडो संघ के खिलाड़ियों ने केडी सिंह बाबू स्टेडियम स्थित भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी क्रीड़ा संकुल में 25 से 27 फरवरी तक हुई जूडो प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता यूपी जूडो एसोसिएशन के तत्वावधान में हुई। बालिका वर्ग में 36 किलोग्राम भार वर्ग में काव्या गुप्ता ने स्वर्ण, 44 किलोग्राम में नित्या अग्रवाल ने रजत व 48 किलोग्राम में अंशिका गंगवार ने कांस्य पदक जीता। बालक वर्ग में 50 किलोग्राम भार वर्ग में हर्षित कश्यप ने कांस्य पदक प्राप्त किया।

# कार्यालयों में दिखा होली का उल्लास

- पीडब्ल्यूडी, नगर निगम समेत कई विभागों में दिखी होली उत्सव की छटा
- अफसरों व कर्मियों ने गुलाल और मिठाइयों के साथ की काम की शुरुआत

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : होली का उल्लास सरकारी दफ्तरों में भी पूरे शबाब पर नजर आया। शनिवार सुबह जैसे ही कर्मचारी कार्यालय पहुंचे, औपचारिक अभिवादन की जगह रंग और गुलाल ने ले ली।

किसी ने माथे पर हल्का सा अबीर लगाया तो किसी ने गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं। कामकाज की शुरुआत से पहले ही मिठाइयों के डिब्बे खुल गए और चाय की मेज पर ठहाकों की गूंज सुनाई देने लगी। आम दिनों की तुलना में माहौल अधिक आत्मीय और रंगीन दिखा। विकास भवन, नगर निगम, पीडब्ल्यूडी सहित कई विभागों में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किए गए।

जिसमें महिला कर्मियों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और रंग-बिरंगे परिधानों से कार्यालय परिसर और भी आकर्षक हो उठा। अधिकारियों ने कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए मुंह मीठा कराया और सौहार्द बनाए रखने का संदेश दिया। नगर निगम में डीजे की धुन पर कर्मचारी नाचते नजर आए। नगर निगम कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष राजकुमार समदर्शी, मिशन पाल सिंह, राजेन्द्र कुमार समदर्शी, विजय कुमार उर्फ मन्नू, राजेश बाल्मीकि, धर्मेन्द्र कुमार, सोहन लाल राजपूत, अमित कुमार मौर्य, शिवम राजपूत, कमल बाबू, सत्य प्रकाश, तारेश कुमार, सालिगराम, सोमपाल सिंह, महेश कुमार आदि मौजूद रहे।



नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य को गुलाल लगाते कर्मचारी। ● अमृत विचार

## उन्नत औषधि वितरण और हर्बल निर्माण पर बनाए पोस्टर



नवाचार प्रदर्शनी में मौजूद छात्र–छात्राएं व शिक्षक।

- फैकल्टी ऑफ फार्मेसी में नवाचार प्रदर्शनी एवं पोस्टर प्रस्तुति का हुआ आयोजन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के अंतर्गत संचालित फैकल्टी ऑफ फार्मेसी ने संस्थान नवाचार परिषद (आईआईसी) के समन्वय से शनिवार को नवाचार प्रदर्शनी, नवाचारों की पोस्टर प्रस्तुति कार्यक्रम का आयोजन डी फार्मा कॉरिडोर में किया। जिसमें 27 विद्यार्थियों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उन्नत औषधि वितरण प्रणाली, हर्बल निर्माण, औषधि प्रौद्योगिकी और नवीन स्वास्थ्य समाधान जैसे विविध विषयों पर पोस्टर प्रस्तुत किए। निर्णायक मंडल ने प्रस्तुतियों का मूल्यांकन किया। प्रथम पुरस्कार अंजलि वर्मा, एकाक्षा रावत, अंजू जोशी एवं अंशिका को प्रदान किया गया, जबकि द्वितीय पुरस्कार पायल, स्मृति, तुषार श्रीवास्तव एवं प्रशांत कुमार को दिया गया। डीन एवं फैकल्टी ऑफ फार्मेसी एवं संस्थान नवाचार परिषद के अध्यक्ष डॉ. पुष्पेन्द्र कन्नौजिया ने विद्यार्थियों को नवाचार व अनुसंधान के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. लता अग्रवाल ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में सृजनात्मकता एवं आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं और उन्हें भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करते हैं। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. रोहित कुमार बिजौलिया, अभिषेक शर्मा रहे।

आवश्यकता है

- कंप्यूटर ऑपरेटर (MS ऑफिस अनिवार्य, Corel Draw अनुभवी को वरीयता)
- नर्स ANM/GNM
- पंचकर्म थेरेपिस्ट/असिस्टेंट (Male, Female)
- आयुर्वेदिक मेडिकल स्टोर पर कार्य हेतु अनुभवी लड़के/लड़की
- रसोइया • वार्ड बॉय

रोहिलखंड आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल

सेक्टर-7, रामगंगा नगर योजना डोहरा रोड, बरेली

मो. +91-8077808309, 9837357497

# होली उत्सव में झांकियों ने मन मोहा

- प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल समिति ने किया आयोजन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल समिति ने होली उत्सव मनाया। मिनी बाईपास स्थित रिसोर्ट में शनिवार रात आयोजित कार्यक्रम में पदाधिकारी, सदस्यों और शहर के सम्मानित लोगों ने परिवार सहित भाग लिया। बबीता रस्तोगी को जीएसटी विशाखा समिति की सदस्य बनने पर सम्मानित किया गया। राधाकृष्ण के स्वरूपों ने होली गीतों और झांकियों के साथ पुष्पों से होली खेली। अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने की। महामंत्री सुदेश अग्रवाल ने संचालन किया। भावेश अग्रवाल, मनोज सेठी, डॉ रवीश अग्रवाल, डॉ. हिमांशु अग्रवाल, डॉ अनूप आर्या, तनुज भसीन आदि का सम्मान किया गया। पवन अरोड़ा, रीतेश मोहन गुप्ता, अलवकील, सतीश चंद्र अग्रवाल, भवानी दत्त जोशी, सचिन गुप्ता, तनुज अग्रवाल, अनूप अग्रवाल, राजेश मल्होत्रा, मुकेश अग्रवाल, अशोक गुप्ता, मनीष, विष्णु अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, मोना अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, अनिता रोहतगी आदि उपस्थित रहे।



होली के गीतों पर झूमते लोग। ● अमृत विचार

## अहिल्या उद्धार व श्रीराम के जनकपुरी में प्रवेश का मंचन किया

बरेली, अमृत विचार : बमनपुरी में आयोजित 166वीं रामलीला के छठवें दिन का मंचन शनिवार को अहिल्या उद्धार और जनकपुरी प्रवेश के प्रसंग पर आधारित रहा। गुरु व्यास मुनेश्वर ने बताया कि ऋषियों का यज्ञ संपन्न कराने के बाद गुरु विश्वामित्र के साथ राम और लक्ष्मण आगे बढ़े। रास्ते में उन्होंने पति के श्राप से पत्थर बनी अहिल्या का उद्धार किया। बताया कि राजा जनक के निमंत्रण पर गुरु विश्वामित्र दोनों राजकुमारों को लेकर जनकपुर पहुंचे। वहां उनका भव्य स्वागत हुआ। महामंत्री सुनील रस्तोगी ने बताया कि रविवार को शिव धनुष भंजन और परशुराम संवाद की लीला का मंचन होगा। अध्यक्ष राजू मिश्रा ने बताया कि सोमवार को भव्य राम बरात का आयोजन किया जाएगा।

## रंगोत्सव : कन्हैया घर चलो गोपियां, आज खेलें होली...



रंगोत्सव में प्रस्तुति देते कलाकार। ● अमृत विचार

बरेली, अमृत विचार: अनुश्रुति संगीत महाविद्यालय में रंगोत्सव का आयोजन हुआ, जिसमें छात्रों ने विभिन्न प्रांतों की होली प्रस्तुत कर कार्यक्रम को जीवंत बनाया।

प्राचार्या डॉ. हितु मिश्रा ने कार्यक्रम की शुरुआत गणपति वंदना से की और ब्रज की होली गीत "कन्हैया घर चलो गोपियां, आज खेलें होली" से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। छात्र-छात्राओं ने अवधी, मिथिला, भोजपुरी सहित कई भाषाओं में होली के गीत प्रस्तुत किए, जिसमें वैष्णवी मिश्रा की भोजपुरी होली और पूनम आहूजा के पंजाबी एक्ट ने सबका मन मोह लिया। महाकवि रसखान के गीत "आई होरी आई" और डॉ. मधुमोहिनी उपाध्याय के भजन "सुनियोजी रंग गई कान्हा के संग ने" सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्राचार्या ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन अनुश्रुति एवं अनुकृति ने किया। डॉ शालिनी सिंह, शोभा मिश्रा रानी उपाध्याय, डॉ. नेहा शर्मा आदि मौजूद रहीं।

## सिटी डायरी



### महिला मंडल ने धूमधाम से होली उत्सव मनाया

बरेली, अमृत विचार : महिला मंडल श्री हरि मंदिर मॉडल टाउन ने शनिवार को मंदिर प्रांगण में धूमधाम से होली उत्सव मनाया। महिला मंडल अध्यक्ष रेनू छाबड़ा ने बताया कि उत्सव की शुरुआत महिला मंडल सदस्यों ने युगल जोड़ी सरकार के चरणों में भजनों के माध्यम से हाजिरी लगाकर की। रेनू छाबड़ा, उपाध्यक्ष कंचन अरोड़ा ने दीप प्रज्वलित किया। नीलम साहनी, नीलम लुनियाल, नेहा आनंद, अलका छाबड़ा, सीमा तनेजा, विमल सोंधी, विनीता ओबेरॉय, निशा लखानी, मीरा कथूरिया, सीमा, रजनी लूथरा, नीलम ओबराय आदि ने भजन प्रस्तुत किए। होली महोत्सव 2 से 4 मार्च तक मनाया जाएगा। प्रथम दिन 2 मार्च को शाम 7 बजे से श्री हरि मंदिर संकीर्तन मंडल की ओर से भजन संध्या होगी। 3 मार्च को शाम 7 बजे से भजन गायक शिवम शर्मा ठाकुर जी के चरणों में अपनी हाजिरी देंगे। 4 मार्च को होली महोत्सव श्री बुआ दाती संकीर्तन मंडल के साथ प्रात: 9 बजे से 12 बजे तक मनाया जाएगा। मंदिर प्रबंध समिति सचिव रवि छाबड़ा ने सभी भक्तजनों से होली महोत्सव में आने की अपील की है।



### उत्तरायणी जन कल्याण समिति ने होली मनाई

बरेली, अमृत विचार : होली के उपलक्ष्य में उत्तरायणी जन कल्याण समिति ने शनिवार को कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें देवभूमि अल्मोड़ा से आए रंग मंच के कलाकारों और स्थानीय उभरते हुए कलाकारों ने खड़ी और बैठक होली गाकर समा बांध दिया। खड़ी होली उत्तराखंड कुमाऊं क्षेत्र की 400 वर्ष पुरानी पारम्परिक होली है। यह होली खड़े होकर गाई जाती है। बैठक होली में अपनी जगह बैठ कर शास्त्रीय रागों पर आधारित स्थानीय वाद्य यंत्रों के साथ गाई जाती है। अध्यक्ष अमित पंत, महामंत्री मनोज पांडेय, कमलेश बिष्ट, पूरन दानू, मुकुल भट्ट, तारा जोशी, रामेश्वर पांडेय, विनोद जोशी, जगदीश सती, जगदीश आर्या, दिनेश पांडेय, चंदन नेगी, माधवानंद तिवारी का विशेष सहयोग रहा।



### कृषि शिक्षा व किसानों की प्रगति जरूरी

बरेली,अमृत विचार : एमजेपीआरयू के कृषि एवं प्रौद्योगिकी संकाय में एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के तहत जनपद स्तरीय कृषक संगोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें प्रगतिशील किसानों, कृषक उत्पादक संघ और स्वयं सहायता समूह के तैयार शहद, मसाले, आचार, मुरब्बा, सरसों का तेल, सब्जियों की पौध आदि जैविक उत्पादों के स्टाल लगाए गए। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. के पी सिंह ने कहा कि कृषि शिक्षा और किसानों की प्रगति आवश्यक है। सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ सबट्रॉपिकल हॉर्टिकल्चर रहमान खैरा लखनऊ के पूर्व निदेशक डॉ शैलेंद्र राजन ने कहा कि आम और अमरूद के बाग लगाने से पहले प्रजातियों की पूरी जानकारी अवश्य प्राप्त कर लें। डॉ. उपेंद्र कुमार, डॉ. रंजीत सिंह, जिला उद्यान अधिकारी जितेंद्र कुमार,प्रो. अनिल साहनी आदि मौजूद रहे।



### लखनऊ में चमकेंगी बरेली और मुरादाबाद की प्रतिभाएं

बरेली, अमृत विचार : कला जगत के लिए गर्व का क्षण है कि बरेली की दो और मुरादाबाद की एक कलाकृति का चयन लखनऊ में विश्व महिला दिवस पर होने वाली प्रदर्शनी के लिए किया गया है। 70 उत्कृष्ट कलाकृतियों में से निर्णायक मंडल तीन श्रेष्ठ कृतियों को चुना। कन्या महाविद्यालय, आर्य समाज, भूड़, बरेली के संयुक्त तत्वावधान में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित की गई महिला चित्रकला प्रदर्शनी का शनिवार को समापन हो गया। इसमें बरेली से शिवि शर्मा और विधि रस्तोगी की कलाकृतियों ने अपनी सृजनात्मकता, विषय–वस्तु और प्रस्तुति से निर्णायकों को प्रभावित किया। वहीं मुरादाबाद से सारिका राय की विशिष्ट शैली से बनाई कलाकृति को चुनकर उसे विशेष स्थान में शामिल किया गया। चयनित तीनों कलाकारों की कृतियां अब लखनऊ में आयोजित विशेष प्रदर्शनी में प्रदर्शित की जाएंगी। चयन निर्णायक मंडल में शामिल प्रो. मंजू सिंह, डॉ. गीता अग्रवाल, प्रो आनंद लखटकिया ने किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि महाविद्यालय सचिव डॉ अभय पाल सिंह ने कैनवास उतार कर प्रदर्शनी का समापन किया।